बेरोजगारी बीमा (UI) लाभ के लिए आवेदन

बेरोजगारी बीमा लाभ कौन प्राप्त कर सकता है?

यदि आपने न्यूयॉर्क या अन्य राज्य में काम किया है, तो आप बेरोजगारी बीमा लाभ प्राप्त करने के योग्य हो सकते हैं। आपके:

- **बिना अपनी खुद की गलती** के रोजगार खोना;
- दावा सिद्ध करने के लिए रोजगार से **पहले की पर्याप्त कमाई होना**;
- **तुरंत काम करने के लिए तैयार, तत्पर और सक्षम होना**; और
- **सक्रिय रूप से काम की तलाश करना और** (ऑनलाइन या लिखित) अपने प्रयासों का **रिकॉर्ड** रखना ।

यदि आप निश्चित नहीं हैं कि आप अर्हता प्राप्त करेंगे या नहीं, तो आपको जितना जल्द हो सके आवेदन करना चाहिये। हम निर्धारित करेंगे कि आप योग्य हैं या नहीं। योग्यता के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.labor.ny.gov/uihandbook में हमारी दावेदार पुस्तिका का अध्याय 2 देखें।

मैं लाभ के लिए कैसे आवेदन कर सकता/सकती हूँ?

बेरोजगारी बीमा लाभ का आवेदन करने के लिए सबसे तेज और आसान तरीका (दावा दायर करना) हमारी वेबसाइट पर है www.labor.ny.gov/signin.

आप **ऑनलाइन** दायर कर सकते हैं:

- सोमवार से लेकर गुरूवार सुबह 7:30 बजे से शाम 7:30 बजे तक;
- शुक्रवार सुबह 7:30 बजे से शाम 5 बजे तक; और
- सप्ताहांत में शनिवार दोपहर 12:01 बजे से रविवार शाम 7 बजे तक।

आप सोमवार से शुक्रवार, सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक फ़ोन से (888) 209-8124 पर टोल-फ़्री कॉल करके भी दायर कर सकते हैं। **अनुवाद सेवाओं**के लिए नौ दबाएँ। **TTY/TDD** उपयोगकर्ता: रिले ऑपरेटर को (800) 662-1220 पर कॉल करके उसे (888) 783-1370 पर कॉल करने के लिए कह सकते हैं। **विडियो या अन्य प्रकार की रिले सर्विस** उपयोगकर्ताओं के लिए, रिले ऑपरेटर से संपर्क करें और उसे (888) 783-1370 पर कॉल करने के लिए कहें।

दायर करते समय, आपको आवश्यकता होगी:

- आपकी **सामाजिक सुरक्षा** संख्या;
- आपका **न्यूयॉर्क राज्य चालक लाइसेंस या मोटर वाहन पहचान कार्ड** संख्या (यदि आपके पास कोई हो तो);
- आपका पूरा **डाक पता** और ज़िप कोड;
- एक **फोन नंबर** जिससे हम आपसे सोमवार - शुक्रवार सुबह 8 बजे से शाम के 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं;
- आपका **एलियन पंजीकरण कार्ड संख्या** (यदि आप संयुक्त राज्य अमेरिका के नागरिक नहीं हैं और आपके पास कार्ड है);
- अन्य राज्यों के साथ पिछले 18 महीनो में आपके सभी **नियोक्ताओं** के नाम और पते;
- आपके सबसे हाल के नियोक्ता का **नियोक्ता पंजीकरण संख्या या संघीय नियोक्ता पहचान संख्या (FEIN)** (FEIN आपके W-2 फॉर्म में दिया गया है);
- संघीय कर्मचारी होने पर **फॉर्म SF8 और SF50**, की प्रति; और
- सेना में होने पर, फॉर्म (**DD 214**) का हाल ही का वियोजन फॉर्म।

आप इन सभी दस्तावेजों के बिना भी दावा दायर कर सकते हैं। हालाँकि, अधूरी जानकारी से आपके पहले भुगतान में देरी हो सकती है।

यदि आप वेब पृष्ठों को मुद्रित नहीं कर सकते हैं, तो कलम और कागज लेकर जानकारी नकल करें।

यदि आप अपना दावा ऑनलाइन दाखिल कर रहे हैं और सीधे अपने बैंक खाते में लाभ जमा करवाना चाहते हैं, तो आपके बैंक रूटिंग और खाता संख्या सहित एक चेक की आवश्यकता होगी।

NEW YORK STATE OF OPPORTUNITY. | Unemployment Insurance

यदि आपको अपना दावा दायर करने में मदद की आवश्यकता हो तो

दावा दायर करने में विकलांगता या भाषा के मुद्दे की समस्या में मदद के लिए आप किसी मित्र या रिश्तेदार की मदद ले सकते हैं। हालाँकि:

- आपको मदद करने और पिन उपयोग करने के समय पर अपने सहायक के साथ हमेशा होना चाहिये।
- आप अपने सहायक के कार्यों के लिए जिम्मेदार हैं।
- यदि मदद के समय आप अपने सहायक के साथ मौजूद नहीं होते हैं, तो आपको लाभ की जब्ती सहित दंड के अधीन किया जा सकता है।

साप्ताहिक लाभ का दावा/लाभ के लिए प्रमाण देना

अपना दावा दायर करने के बाद, प्रत्येक सप्ताह आपको बेरोजगार होने के लिए जारी साप्ताहिक लाभ दावा करना चाहिए। आप इसे या तो ऑनलाइन www.labor.ny.gov/signin पर या हमारी टेली-सर्विस टोल-फ्री फोन लाइन (888) 581-5812 पर कॉल कर सकते हैं।

जब आप साप्ताहिक लाभ का दावा करेंगे तो आपको एक साथ कई सवाल पूछे जायेंगें। सच्चाई के साथ उत्तर देना महत्वपूर्ण है क्योंकि आप श्रम विभाग को प्रमाणित करते हैं कि आपके उत्तर सत्य और सही हैं। इसलिए इस प्रक्रिया को "लाभ के लिए प्रमाणित करना" भी कहते हैं।

बेरोजगारी बीमा के प्रयोजनों के लिए, एक सप्ताह का अर्थ सोमवार से रविवार होता है। अधिकांश लोग रविवार को पिछले सप्ताह के साप्ताहिक लाभ का दावा करते हैं। हालाँकि, आप आने वाले शनिवार को भी दावा दायर कर सकते हैं।

कानून के अनुसार, आपके दावे का पहला सप्ताह **इंतजार का सप्ताह है।** आपको इस सप्ताह लाभ प्राप्त नहीं होगा, लेकिन आपको तुरंत काम करने के लिए तैयार, तत्पर और सक्षम होना और नौकरी की तलाश में होना चाहिए

मैं लाभ प्राप्त करना कब शुरू करूँगा/करुँगी?

अपना दावा दायर करने के तीन से छह सप्ताह के समय के बाद आपको पहला भुगतान प्राप्त होगा, क्योंकि हम आपके आवेदन की समीक्षा और प्रसंस्करण करते हैं। आपको इस समय के दौरान लाभ प्राप्त नहीं होगा। यदि आपको योग्य पाया जाता है तो, आपको पहले भुगतान के साथ पिछले सप्ताह का बकाया लाभ प्रदान किया जाएगा।

मैं अपने लाभ कैसे प्राप्त करूँगा/करुँगी?

यदि आपने बेरोजगारी बीमा के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है तो, आपसे पूछा गया था कि क्या आप सीधे जमा या डेबिट कार्ड द्वारा लाभ प्राप्त करना चाहते हैं। यदि आप फोन से आवेदन करते हैं तो, आपको डेबिट कार्ड के माध्यम से लाभ प्राप्त होगा। हम अब चेक से लाभ जारी नहीं करते हैं।

जानने के लिए अन्य महत्वपूर्ण बातें

लाभ के लिए आवेदन करने के बाद, आपको **मौद्रिक लाभ निर्धारण** की मेल में सूचना प्राप्त होगी। कृपया इसे अभी पढ़ें। यह आपको बताएगा कि आप बेरोजगारी बीमा के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए आपके पास पर्याप्त कमाई है या नहीं। यह आपको यह भी बताएगा कि यदि आपकी सभी कमाई नोटिस में सूचीबद्ध नहीं है तो आपको क्या करना चाहिये। **महत्वपूर्ण: मौद्रिक लाभ निर्धारण का यह अर्थ नहीं है कि आपको निश्चित रूप से लाभ प्राप्त होगा।** यह केवल आपको यह बताता है कि आपने अर्हता प्राप्त करने के लिए पर्याप्त कमाई की है या नहीं। यदि आप सभी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, तो आपको लाभ प्राप्त होना शुरू हो जाएगा। यदि आप योग्य नहीं पाए जाते हैं तो, आपको हम से एक पत्र प्राप्त होगा।

आपको लाभ नहीं प्राप्त होगा यदि **आप अपना पता और फोन नंबर अप-टू-डेट** नहीं रखेंगे। बेरोजगारी बीमा मेल डाकघर द्वारा अग्रेषित नहीं की जाती है।

सभी प्रश्नावली को तुरंत वापस करें ताकि कोई भी लाभ में देरी या इनकार ना हो।

अधिक जानकारी के लिए

बेरोजगारी बीमा देखें: इस तथ्य पत्रक में www.labor.ny.gov/uihandbook पर इस विषय पर चर्चा के बारे में अधिक जानकारी के लिए देखें। दावा दायर करने पर इसे प्राप्त करने का विकल्प देने के बाद आपको यह पुस्तिका भेज दी जाएगी।

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के लिए हमारी वेबसाइट http://labor.ny.gov/ui/faq.shtm देखें।

अपने दावे या उसकी स्थिति के बारे में कोई **विशिष्ट प्रश्न** होने पर, हमें निम्न वेबसाइट पर **सुरक्षित संदेश** भेजें www.labor.ny.gov/signin । अपने ऑनलाइन खाते में लॉग इन करें और मेरे ऑनलाइन सर्विस पेज के ऊपरी दाएँ भाग में एनवलप आइकन पर क्लिक करें। या, हमारे टेलिफोन दावा केंद्र में (888) 209-8124 पर कॉल करें। सोमवार और सार्वजनिक अवकाश के बाद का दिन फोन कॉल्स के लिए सबसे व्यस्त दिन होता है। गुरुवार और शुक्रवार कम व्यस्त दिन होते हैं।